दस दिवसीय माटीकला मेला का उद्घाटन आज करेंगे खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री

लखनऊ। खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान 21 अक्टूबर, 2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे 'माटीकला मेला 2024' का उद्घाटन करेंगे। इस दस दिवसीय मेले का आयोजन उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड के तत्वावधान में लखनऊ स्थित खादी भवन, 8-तिलक मार्ग, डालीबाग में किया जा रहा है। मेले का समापन 30 अक्टूबर, 2024 को होगा। महाप्रबंधक उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड डॉ. उज्ज्वल कुमार ने बताया कि माटीकला मेला 2024 में प्रदेश की माटीकला इकाइयों के साथ-साथ बाहरी राज्यों की लगभग 50 स्टॉलें लगाई जाएंगी, जिनमें विभिन्न प्रकार की माटी से बनी वस्तुएं प्रदर्शित और विक्रय के लिए उपलब्ध होंगी। इस मेले में विशिष्ट और अति विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय जनता और पर्यटकों के आने की संभावना है। मेला प्रदेश के माटीकला उद्यमियों को अपनी कला और उत्पादों को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा।

● लखनऊ में उप्र माटीकला बोर्ड के सौजन्य से 21 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक माटीकला मेला